This question paper contains **8+4** printed pages]

आपका अनुक्रमांक.........................

**4506**

**B.A. (Programme)/I** **C**

HINDI LANGUAGE (C)—Paper I

हिंदी भाषा (ग)—प्रश्न-पत्र I

(प्रवेश-वर्ष 2004/2006 और तत्पश्चात् नियमित कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिये/NCWEB के विद्यार्थियों के लिये)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 75

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

**टिप्पणी** :—प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक नियमित कॉलेजों (श्रेणी 'A') के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं। तथापि ये अंक, NCWEB के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में अधिक होंगे।

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं। किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10,10

(क) बुढ़िया का क्रोध तुरंत स्नेह में बदल गया, और स्नेह भी वह नहीं, जो प्रगल्भ होता है और अपनी सारी कसक

शब्दों में बिखेर देता है। यह मूक स्नेह था, खूब ठोस, रस और स्वाद से भरा हुआ। बच्चे में कितना त्याग, कितना सद्भाव और कितना विवेक है! दूसरों को खिलौने लेते और मिठाई खाते देखकर इसका मन कितना ललचाया होगा। इतना ज़ब्त इससे हुआ कैसे। वहाँ भी इसे अपनी बुढ़िया दादी की याद बनी रही। अमीना का मन गद्गद हो गया। और अब एक बड़ी विचित्र बात हुई। हामिद के इस चिमटे से भी विचित्र। बच्चे हामिद ने बूढ़े हामिद का पार्ट खेला था। बुढ़िया अमीना बालिका अमीना बन गई। वह रोने लगी। दामन फैलाकर हामिद को दुआएँ देती जाती थी और आँसू की बड़ी-बड़ी बूँदें गिराती जाती थीं। हामिद इसका रहस्य क्या समझता!

(i) पाठ और पाठ के रचनाकार का नाम लिखिए।

(ii) बुढ़िया (अमीना) का क्रोध स्नेह में क्यों बदल गया ?

(iii) 'मूक स्नेह' से लेखक का क्या तात्पर्य है ?

(iv) 'बच्चे हामिद ने बूढ़े का पार्ट खेला था। बुढ़िया अमीना बालिका अमीना बन गई।'—इसका आशय स्पष्ट कीजिए।

(v) 'प्रगल्भ' तथा 'विवेक' शब्दों के अर्थ लिखिए।

(ख) ग्राम-समस्याओं का निराकरण केवल मस्तिष्क-बल या बुद्धि-बल से नहीं हो सकता। उसके लिए वास्तविक प्रत्यक्ष अनुभव की आवश्यकता है। यह अनुभव दूर से नहीं हो सकता। लिखित विवरणों और आँकड़ों से भी नहीं, पूछताछ या जाँच-पड़ताल और दौरा करने से भी नहीं। कारण, विभिन्न प्रांतों के गाँवों की विभिन्न समस्याएँ हैं। कुछ समस्याओं में समानता है और कुछ में विपरीतता भी। बहुत संभव है कि एक जिले के गाँवों के साथ जो जटिल समस्याएँ लगी हुई हैं, वे

दूसरे जिले के गाँवों के साथ न हों। पर अधिकांश गाँव कम-से-कम प्रतिशत अस्सी गाँव—सारे देश में ऐसे ही हैं, जिनकी समस्याएँ और आवश्यकताएँ बहुत-कुछ एक-सी हैं। जब तक उनकी पूर्ति के प्रयत्न न होंगे, गाँवों की दुर्दशा बनी रहेगी और पूर्ति तभी होगी जब गाँवों में कुछ दिन रहकर वहाँ की आवश्यकताएँ समझ ली जाएँगी।

(i) पाठ और पाठ के रचनाकार का नाम लिखिए।

(ii) ग्राम-समस्याओं के निराकरण के लिए लेखक किस बात की आवश्यकता समझता है और क्यों ?

(iii) गाँवों का वास्तविक अनुभव प्राप्त करना क्यों कठिन है ?

(iv) गाँवों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए क्या अपेक्षित है ?

(v) 'निराकरण' तथा 'दुर्दशा' शब्दों के अर्थ लिखिए।

(ग) मेरे पास एक आदमी आता था, जो दूसरों की बेईमानी की बीमारी से मरा जाता था। अपनी बेईमानी प्राणघातक नहीं होती, बल्कि संयम से साधी जाय तो स्वास्थ्यवर्द्धक होती है। कई पतिव्रताएँ दूसरी औरतों के कुलटापन की बीमारी से परेशान रहती हैं। वह आदर्श-प्रेमी आदमी था। गाँधीजी के नाम से चलने वाले किसी प्रतिष्ठान में काम करता था। मेरे पास घण्टों बैठता और बताता कि वहाँ कैसी बेईमानी चल रही है। कहता—युवावस्था में मैंने अपने को समर्पित कर दिया था। किस आशा से इस संस्था में गया और क्या देख रहा हूँ। मैंने कहा—भैया, युवावस्था में जिन्होंने समर्पण कर दिया वे सब रो रहे हैं। फिर तुम आदर्श लेकर गये ही क्यों ? गाँधीजी दूकान खोलने का आदेश तो मरते-मरते दे नहीं गये थे। मैं समझ गया, उसके कष्ट को। गाँधीजी का

नाम प्रतिष्ठान में जुड़ा होने के कारण वह बेईमानी कर नहीं पाता था और दूसरों की बेईमानी से बीमार था। अगर प्रतिष्ठान का नाम कुछ और हो जाता तो वह भी औरों जैसा करता और स्वस्थ रहता। मगर गाँधीजी ने उसकी ज़िन्दगी बरबाद की थी।

(*i*) पाठ और पाठ के रचनाकार का नाम लिखिए।

(*ii*) गाँधीजी के नाम से चलने वाले प्रतिष्ठान में काम करने वाला व्यक्ति किस बात से दु:खी था ?

(*iii*) लेखक गाँधी प्रतिष्ठान में काम करने वाले व्यक्ति के किस कष्ट को समझ गया था ?

(*iv*) "अपनी बेईमानी प्राणघातक नहीं होती, बल्कि संयम से साधी जाय तो स्वास्थ्यवर्द्धक होती है।" इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

(*v*) 'बेईमानी' और 'आशा' शब्दों का विलोम लिखि

2. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×5=10

(*i*) हामिद चिमटे के क्या-क्या गुण बताकर साथियों को चिमटे की तरफ आकर्षित करता है ? (ईदगाह)

(*ii*) पुत्र की मृत्यु के तुरंत बाद खरबूजे बेचने बैठी महिला के प्रति समाज के विभिन्न लोगों की प्रतिक्रिया क्या है ? (दु:ख का अधिकार)

(*iii*) बाहरी शब्दों को हिंदी में ग्रहण करते समय किन दो नियमों का ध्यान रखना चाहिए ?

(हिंदी का सरलीकरण)

(*iv*) राष्ट्रीयता की माँग क्या है ? (संस्कृति)

(*v*) विभिन्न शासकों के शासनकाल में दिल्ली किन-किन नामों से पुकारी गई ? (दिल्ली की आप बीती)

(*vi*) लेखक के अनुसार रेल-यात्रा और हवाई-यात्रा में क्या अंतर है ? (ऊपर उठने की मुसीबत)

(*vii*) उपभोक्तावाद धरती के अनवरत् शोषण का प्रमुख कारण कैसे है ?

(थकी-हारी धरती को अब विश्राम दीजिए)

(*viii*) भाषा और बोली का अंतर स्पष्ट कीजिए।

(भाषा, बोली और पर्यावरण)

3. (क) निम्नलिखित शब्दों का कोष्ठक में दिये गए निर्देशानुसार व्याकरणिक कोटियों में अंतरण कीजिए : 5

(*i*) स्वस्थ (संज्ञा)

(*ii*) चिंता (विशेषण)

(*iii*) डर (विशेषण)

(*iv*) आलसी (संज्ञा)

(*v*) ऊँचा (संज्ञा)

(ख) किन्हीं **पाँच** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 5

(*i*) मनुष्य, ईश्वर की सबसे सुन्दरतम कृति हैं।

(*ii*) मैंने मेरी पढ़ाई पूरी कर ली है।

(*iii*) विनय को आशंका है कि वह पास हो जाएगा।

(*iv*) मैंने अपने घर जाना है।

(*v*) आप मेरे साथ चलोगे ?

(*vi*) शायद यही वज़ह थी कि मुझे छोड़ने कोई नहीं आए।

(*vii*) अधिकांश लोग ने अपनी वही गलती दोहराई।

(*viii*) एक फूल की माला ले आओ।

4. 'निर्मला' के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

(*i*) तोताराम के कितने बेटे थे ? उनके नाम लिखिए।

(*ii*) 'निर्मला' में स्त्री-चेतना की अभिव्यक्ति किस आधार पर हुई है ?

(*iii*) तोताराम मंसाराम को छात्रावास क्यों भेजते हैं ?

(*iv*) उदयभानुलाल और उनकी पत्नी कल्याणी की कहासुनी क्यों होती थी ?

(ख) सड़कों पर बढ़ते स्त्री-उत्पीड़न पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

**अथवा**

राजधानी में आयोजित स्वास्थ्य मेले पर रिपोर्ट लिखिए। 5

6. (क) कोश किसे कहते हैं ? द्विभाषी कोश की विशेषताएँ लिखिए। 5

(ख) निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए : 5

शुष्क, षट्कोण, ताकत, काजल, पंजीकरण, अंकुर, खिलौना, जहाज, औरत, गर्व।